सार-समाचार

विजेता टीम का सम्मान किया

राजलदेसर (निसं)। पीएमश्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका उ मा विद्यालय की बालिकाओं का जिलास्तरीय बैडमिंटन व तीरंदाजी में जिला विजेता बनने पर विद्यालय स्टाफ द्वारा हार्दिक अभिनंदन किया गया।17 वर्षीय बैडमिंटन टीम ने राजकीय बालिका उमा विद्यालय, बामनिया, सुजानगढ़ को हराया।19 वर्षीय टीम ने संचियालाल बैद राजकीय बालिका उ मा विद्यालय रतनगढ़ को फाइनल मैच में हराया। 17 वर्षीय बैडमिंटन टीम में दिव्या सैनी, 19 वर्षीय बैडमिंटन टीम में राजू,पुष्पा व तीरंदाजी में आइना, दिव्या सोनी व मोनिका का राज्य स्तर पर चयन हुआ है। संस्था प्रधान मोहन लाल अर्जुन ने छात्राओं खेल को खेल की भावना से खेलने व अनुशासन से खेलने का आव्हान किया। टीम प्रभारी अनिता मीणा, कन्हैलाल जांगिड़ व नानूराम का अभिनदंन किया गया। इस अवसर पर इंद्रसिंह फगेड़िया, विमला चौधरी,रिखराम तालनिया, मनोज सारस्वत, लोहिता झाझरिया, कन्हैयालाल शर्मा, आनंदसिंह, शीशपाल, कपिल मीणा, मोनिका बारूपाल, कंचनलता पुरोहित, अशोक कुमार, अनिता मारू, दीपंकर शर्मा, देवकीनन्दन शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

अनिश्चितकालीन धरना जारी

चिड़ावा (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले यमुना जल समझौता लागू करवाने की मांग को लेकर चिड़ावा-खेतड़ी रोड स्थित लालचौक पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 1001वें दिन भी जारी रहा। शहीद भगत सिंह की जयंती को लेकर लालचौक पर 1000 मोमबत्तियां प्रज्वलित की गई। ग्रामीण अंतर सिंह ने मशाल जुलूस को रवाना किया, जो किढ़वाना गांव स्थित शहीद स्मृति स्मारक पहुंचा। वहां शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें विद्याधर गर्सा, देवकीनंदन बसेरा, मदन सिंह यादव, नाहर सिंह भांबू और दरिया सिंह धायल ने शहीद भगत सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। धरना स्थल पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह ओला, नहर सत्याग्रह आंदोलन के संयोजक बजरंगलाल बराला और तहसील प्रभारी देवकीनंदन बसेरा ने दो अहम प्रस्ताव रखे। धरने में राजेश बिजारणियां, सुमेर बुडानिया, चंद्रभान यादव पुहानिया, जगमाल सिंह यादव, राजकुमार शर्मा, जयसिंह भास्कर, राजेंद्र सिंह गोदारा, भगवानाराम सिलायच, लीलाधर भड़िया, मूलचंद झाझड़िया, डॉ. रघुवीर सिंह भांबू, कंवर सिंह यादव, डॉ. मानसिंह कुमावत, ताराचंद तानाण, सतपाल चौधरी, राजपाल बराला आदि मौजूद थे।

मेगा हाइवे क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालक परेशान, जल्द मरम्मत का आश्वासन

रतनगढ़, (निसं)। मेगा हाइवे पर संगम चौराहे से सरदारशहर मार्ग तक कई स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उबड़-खाबड़ हिस्से होने से विशेषकर रात के समय दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। सोशल मीडिया कॉमेडी कलाकार मामनसिंह, कांग्रेस नेता रामवीर सिंह राईका सहित वाहन चालकों ने बताया कि शाम ढलने के बाद सडक के गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दोपहिया वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ जाता है। बारिश के दौरान जलभराव होने से समस्या और गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार आईटीआई एवं जालान कॉलेज के पास भी आए दिन हादसे होते हैं। लोगों ने बताया कि रिडकोर व टोल प्रबंधन के अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हुआ। इससे वाहन चालकों में नाराजगी है।मालासर टोल मैनेजर सुभाष ने बताया कि मेगा हाइवे पर पैचवर्क का कार्य करवाया जा रहा है। जहां जलभराव की समस्या अधिक है, वहां सीसी रोड निर्माण के प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजे गए हैं। जल्द ही इन स्थानों पर भी आवश्यक कार्य करवाया जाएगा।

पालिकाध्यक्ष ने बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया

रतनगढ़, (निसं)। नगरपालिका में पदभार ग्रहण करने के बाद पालिकाध्यक्ष सुनील शर्मा ने गुरुवार को शहर के बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यापारियों एवं आमजन से समस्याओं की जानकारी ली थी। इस दौरान घंटाघर के पास व्यापारियों ने क्षतिग्रस्त सड़क की समस्या से अवगत करवाया।शर्मा ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद रविवार को नगरपालिका की ओर से मौके पर सड़क मरम्मत का कार्य शुरू करवा दिया गया। इससे व्यापारियों, आमजन एवं वाहन चालकों को राहत मिलेगी। क्षतिग्रस्त सड़क के कारण बारिश के दौरान यहां गंदा पानी जमा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। पालिकाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि निरीक्षण के दौरान आमजन द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करवाया जा रहा है। आमजन की सुविधा और शहर की स्वच्छता नगरपालिका की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने शहरवासियों से स्वच्छता बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने और रतनगढ़ को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में नगरपालिका का सहयोग करने की अपील की।

शिविर में 51 यूनिट रक्त संग्रहित

उदयपुरवाटी (निसं)। स्वर्गीय सेठ श्री नाथूराम सैनी व स्वर्गीय श्रीमती सेठी देवी की पावन स्मृति पर चुंगी नंबर 3 पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।जिसके आयोजक डॉ महेंद्र कुमार माली,प्राध्यापक जगदीश सैनी केमिस्ट लक्ष्मी नारायण उर्फ सोनू रहे। स्व.सेठ के तीनों पुत्रों के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोज्य शिविर में डॉ रामपाल ब्लड सेंटर जयपुर की टीम ने यहां रक्त संग्रहण का कार्य किया। जानकारी देते हुए डॉ. महेंद्र माली ने बताया कि शिविर में कुल 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस दौरान डॉ राजेंद्र कुमावत आयुर्वेद चिकित्सक,एडवोकेट मोतीलाल सैनी, देवकल्प आयुर्वेद सीकर के डॉ. दिनेश कुमावत, डॉ. रवि माली डा प्रवेज खान, इस्लाम, इमरान कायमखानी,नरेश मिस्त्री,सुरेश सैनी फार्मासिस्ट गुंजन माली दीपिका रेपस्वाल,योगेन्द्र पुष्पेंद्र पवन उमेश नवलगढ़ सहित कई नियर डियर व मित्रगण उपस्थित रहे।

अग्र महोत्सव का आगाज

रतनगढ़, (निसं)। श्री अग्रवाल सेवा समिति के तत्वावधान में महाराज अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में 15 दिवसीय अग्र महोत्सव-2026 का शुभारंभ अग्रवाल प्रीमियम लीग (एपीएल) से हुआ। न्यू लिंक रोड स्थित केडी बॉक्स में प्रतियोगिता का शुभारंभ समिति अध्यक्ष राधेश्याम पांडूसरिया, महामंत्री श्यामसुंदर खेमका, बालकिशन पौद्दार, संजय बुबना, दीपक मुरारका, गिरधारी सिंघानिया, हिमांशु जालान, यश खेतान, गणेश चौधरी व रमेश रामगढ़िया ने दीप प्रज्वलित कर किया। अंडर-18 फाइनल में बाल हनुमान तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में टीम कृष्णा विजेता रही। एम्पायर की भूमिका रतनलाल लोहिया, कमल बैद, शुभम सांगनेरिया व रमेश रामगढ़िया ने निभाई। विजेता खिलाड़ियों को अग्रसेन जयंती समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

शहीद भगतसिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

चिड़ावा (निसं)। शहर के सूरजगढ़ बाइपास रोड पर राष्ट्रीय जाट महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विरेंद्र क्यामसरिया केनेतृत्व में शहीद भगतसिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महासंघ के जिला प्रभारी कै.कुलदीप मान, जिला सचिव हरिश फोगाट, युवा तेजा सेना के चिडावा ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम लांबा, चिड़ावा उपाध्यक्ष सूबे. राजवीर जाखड, सिंघाना ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम ओला ने भगतसिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को प्रेरित किया। अध्यक्षता करते सामाजिक कार्यकर्ता संदीप कटेवा ने शहीद भगतसिंह के विचारों को अपने जीवन में अपनाने पर जोर दिया। इस मौके पर डॉ. शेखर डांगी, दिनेश बलौदा, ओमप्रकाश, राकेश कुमार, मनोज कुमार, महेश काजला आदि मौजूद थे।

हाईटेंशन लाइन के तार चुराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

झुंझुनूं/सिंघाना, (निसं)। हाईटेंशन 765 केवी बिजली लाइन के एल्युमिनियम तार चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के खिलाफ सिंघाना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने गिरोह के मुख्य आरोपी महेश कुमार उर्फ कुम्भाकाला समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि से संघर्षरत बालक को निरूद्ध किया गया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के तार से भरी बिना नंबर की पिकअप, एक स्विफ्ट कार , 1 लाख 28 हजार 500 रूपए नकद तथा तार काटने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए हैं।

■ गिरोह के सरगना समेत छह आरोपी गिरफ्तार, एक विधि से संघर्षरत बालक निरूद्ध

सिंघाना पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपियों के कब्जे से चोरी के तार से भरी पिकअप, एक स्विफ्ट कार, 1 लाख 28 हजार 500 रूपए नकद तथा तार काटने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार 28 सितंबर को डीएसटी झुंझुनूं के एएसआई शशिकांत को मुखबिर से सूचना मिली कि कुठानियां जोहड़ में हाईटेंशन 765 केवी बिजली लाइन के तार चोरी करने वाला गिरोह मौजूद है। गिरोह के सदस्य पिकअप और स्विफ्ट कार में चोरी के तार भरकर ले जाने की तैयारी में हैं। सूचना के आधार पर सिंघाना थानाधिकारी सुगन सिंह मय जाब्ता कुठानियां जोहड़ पहुंचे। पुलिस टीम अमरपुरा-कुठानियां कच्चे रास्ते पर पहुंची तो जोहड़ की ओर जाने वाले रास्ते के मोड़ पर सामने से तिरपाल लगी बिना नंबर की पिकअप आती दिखाई दी। उसके पीछे एक स्विफ्ट कार भी चल रही थी। पिकअप में तीन और स्विफ्ट में चार युवक सवार थे। पुलिस टीम को देखते ही दोनों वाहनों में सवार युवक गाड़ियां छोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें हाईटेंशन 765 केवी बिजली लाइन के चोरी किए गए एल्युमिनियम तार भरे मिले।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गिरोह के सरगना महेश उर्फ कुम्भाकाला के साथ चोरी के तार बेचने तथा आपस में हिस्से का बंटवारा करने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने दोनों वाहनों में सवार लोगों की तलाशी ली तो उनके कब्जे से 1,28,500 रूपए नकद बरामद हुए। पुलिस ने चोरी के तार के परिवहन में प्रयुक्त दोनों वाहनों तथा तार काटने में इस्तेमाल किए गए उपकरणों को जब्त कर लिया। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह द्वारा की गई अन्य वारदातों और इसमें शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में महेश कुमार उर्फ कुम्भाकाला पुत्र रछपाल राम, अजय उर्फ कालू पुत्र बीरबल, दुष्यन्त मीणा उर्फ मोनू पुत्र दौलतराम, अनिल पुत्र प्रकाशचंद, अमित जाखड़ पुत्र मूलचंद तथा हिमान्शु उर्फ लाला पुत्र सुरेन्द्र शामिल हैं। इनके साथ एक विधि से संघर्षरत बालक को भी निरूद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी हिमान्शु उर्फ लाला का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया है। उसके खिलाफ थाना खेतड़ीनगर और कोतवाली में दो प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस गिरोह के नेटवर्क और पूर्व में की गई बिजली तार चोरी की घटनाओं के संबंध में भी जांच कर रही है।

जिला निष्पादन समिति की बैठक आयोजित

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर आशीष मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को पीएमश्री विद्यालय, राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम की जिला स्तरीय मिड-डे-मील समीक्षा समिति, जिला स्तरीय निष्पादन समिति एवं जिला निष्पादक समिति साक्षरता की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं, विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं तथा विद्यार्थियों की शैक्षिणक उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यालयों में आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक विद्यालय एवं विद्यार्थी तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में मिड-डे-मील का मेन्यू दीवार पर पेंट करवाकर प्रदर्शित किया जाए तथा प्रत्येक बालक-बालिका के लिए निर्धारित भोजन की मात्रा भी स्पष्ट रूप से अंकित की जाए। विद्यालयों की मॉनिटरिंग रिपोर्ट नियमित रूप से पोर्टल पर अपलोड करवाने तथा कुक-कम-हेल्पर को नियमित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

जिला कलेक्टर मोदी ने पलसाना, धोद एवं खंडेला के सीबीईओ को शिक्षक एप पर वीडियो एवं प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से अपलोड करने के साथ ही प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने तथा शैक्षिणक गतिविधियों में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित करने को कहा। वहीं पलसाना एवं खंडेला के सीबीईओ को जर्जर भवनों को जमींदोज करने के प्रस्ताव शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए।

जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

झुंझुनूं (निसं)। साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे के बीच जिला पुलिस ने आमजन और छात्राओं को साइबर ठगी से बचाने के लिए जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। साइबर सुरक्षित राजस्थान माह सितंबर 2026 के तहत सोमवार को पुलिस थाना साइबर की ओर से शहर के बंजारा बस्ती, मंड्रेला रोड झुंझुनूं तथा जे.बी. शाह गर्ल्स कॉलेज में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पुलिस टीम ने ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग लिंक, सोशल मीडिया हैकिंग सहित साइबर अपराध के नए तरीकों से सावधान रहने की अपील की।

कांग्रेस पार्षद ने ईओ को ज्ञापन सौंपा

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर नगर पालिका में बिना आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति किए पट्टे जारी किए जाने के आरोप को लेकर कांग्रेस पार्षद लाभचंद सोनी ने सोमवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सीताराम मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पार्षद सोनी ने आरोप लगाया कि अभियान के दौरान तथा उसके बाद कुछ लोगों के साथ मिलकर कृषि भूमि एवं रेलवे बाउंड्री क्षेत्र में कुछ पार्षदों व अन्य प्रभावित लोगों के साथ बिना आवश्यक दस्तावेज पूरे किए पट्टे तैयार किए गए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि नए बोर्ड के गठन के बाद भी बिना दस्तावेजों की पूर्णता के सदस्यों के शपथ-पत्र के आधार पर पट्टे बनाए जाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने मांग की कि बिना आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं पूर्ति के कोई भी पट्टा जारी नहीं किया जाए। पहले से तैयार पट्टों की पत्रावलियों में भी सभी आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति करवाकर ही पट्टे जारी किए जाएं। साथ ही पट्टा जारी करने की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित करने की मांग की।

राजगढ़ से खेजड़ली तक खेजड़ी बचाओ पदयात्रा रवाना

सादुलपुर (निसं)। खेजड़ी बचाओ अभियान के तहत सतगुरु कबीर मानव धर्म चेतन आश्रम के संत रतनदास महाराज की 430 किलोमीटर की पदयात्रा सोमवार को राजगढ़ कोर्ट से रवाना हुई। तहसीलदार हनुमान सिंह पूनिया व पर्यावरण प्रेमियों ने पदयात्रा को रवाना किया।

यह पदयात्रा 363 शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिये राजगढ़ एसडीएम कोर्ट से समराथल होने हुए खेजड़ली तक निकाली जा रही है। तहसीलदार हनुमान सिंह पूनिया ने पर्यावरण को बचाने और पेड़ों की कटाई नहीं करने का आव्हान किया। इस अवसर पर संत रतनदास महाराज, मनोहर लाल बिश्नोई जिलाध्यक्ष जंभेश्वर पर्यावरण जीव रक्षा, प्रदेश संरक्षक हनुमानगढ़ व अन्य वक्ताओं ने कहा कि इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण का बचाना है तथा पर्यावरण बचेगा तभी मानव व जीव जंतु बचेंगे, इसलिए पेड़ों की कटाई नही करें बल्कि अधिकाधिक संख्या में पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक करें। यह पदयात्रा चूरू जिले के राजगढ़ से समराथल होते हुए खेजड़ली पहुंचेगी, जहां खेजड़ी बचाने के लिए 363 शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इस पदयात्रा में संत रतनदास महाराज के साथ में मनोहर लाल बिश्नोई जिलाध्यक्ष जंभेश्वर पर्यावरण जीव रक्षा, प्रदेश संरक्षक हनुमानगढ़ व नरेश श्यामपुरा हरियाणा भी रवाना हुए हैं। इस मौके पर विप्र फाउंडेशन से मुकेश रामपुरा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य गोपाल राम, भुवाड़ी प्रशासक शीशराम पूनिया, विंग्स एनजीओ अध्यक्ष सुमेर सिहाग, मकसूद चिश्ती आदि उपस्थित रहे।

खेजड़ी बचाओ पदयात्रा को तहसीलदार हनुमान सिंह पूनिया ने रवाना किया।

'सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें'

सीकर, (निसं)। अति.जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों, लंबित प्रकरणों, सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को विभागीय कार्यों में गति लाने, लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रकरणों के निस्तारण में केवल औपचारिकता नहीं हो, बल्कि परिवादी की समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करने तथा उच्च प्राथमिकता वाले प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव ने बैठक में बताया कि 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत एक अक्टूबर को जिले के सभी राजकीय कार्यालयों में एक घंटे का विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान कार्यालय परिसरों, कमरों, रिकॉर्ड रूम, परिसर के आसपास के क्षेत्र तथा सार्वजनिक उपयोग वाले स्थानों में विशेष सफाई की जाएगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान में अधिकारी-कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्यालयों में स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण बनाया जाए। बैठक में यूआईटी सचिव राजवीर चौधरी, जिला साक्षरता अधिकारी चन्द्र प्रकाश महर्षि, डीओआईटी संयुक्त निदेशक सत्यनारायण चौहान, एलडीएम नन्द लाल,डीटीओ ताराचंद बंजारा, अधीक्षण अभियन्ता पीएचईडी चुन्नीलाल, एवीवीएनएल सुभाष चंन्द्र, पीडब्ल्यूडी रामावतार कुमावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

रेसला के सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर मंथन

चूरू (निसं)। राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ जिला चूरू का जिला सम्मेलन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गाजसर में रेसला के प्रदेशाध्यक्ष गिरधारी गोदारा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन में जिले के सभी ब्लॉकों प्राध्यापकों (व्याख्याताओं) ने भाग लेकर संगठन की एकजुटता का परिचय दिया। जिला सभा अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने सभी का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष गुगन राम जांगिड़ ने संगठन का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष अमित सहारण ने विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों पर विचार व्यक्त किये। सम्मेलन में नव पद स्थापित व्याख्याताओं का दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया गया। प्रदेशाध्यक्ष गिरधारी गोदारा ने व्याख्याता के पद सर्जन करवाने सहित व्याख्याताओं के अनेक मुद्दों पर विचार रखे। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी नारायण मेघवाल, सहायक निर्वाचन अधिकारी अर्जुन सिंह राठौड़ व पर्यवेक्षक अविनाश कुमार ने निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करवायी। इस दौरान रेसला की नई जिला कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव हुआ। चुनाव प्रक्रिया में रजनीश धुंवा को निर्विरोध जिलाध्यक्ष, भानीराम को जिला मंत्री व मुकेश शर्मा को सभाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों ने माला पहनाकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष गिरधारी गोदारा ने संवर्ग के अधिकारों, पदोन्नित विसंगतियों और शैक्षिणक उन्नयन पर विस्तृत चर्चा की। सम्मेलन में प्रदेश संगठन महामंत्री अशोक जाट, प्रदेश कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार कसाना व बीकानेर रेसला जिलाध्यक्ष रामनिवास ने भी प्राध्यापक वर्ग की विभिन्न मांगों और संगठनात्मक मजबूती पर विचार व्यक्त किये। जिलाध्यक्ष अमित सहारण ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्रवण कुमार गुर्जर ने किया।

विद्यार्थी निरंतर कठिन परिश्रम कर लक्ष्य निर्धारित करें : सभापति

चूरू (निसं)। स्थानीय श्री ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम महाविद्यालय में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 70वीं शूटिंग व योगासन प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक प्राप्त करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 प्रतिभाशाली ब्रह्मचारियों को प्रतीक-चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें 5 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। समारोह में विद्यार्थियों की इस उपलब्धियों के लिए अतिथियों व अभिभावकों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति विनय गोयनका ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर कठिन परिश्रम कर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का आव्हान किया। कार्यक्रम में जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष ठाकुरमल शर्मा, जिला योगासन के शंकरलाल सैनी, महेश गोयनका, सुशील बजाज, वैद्य डॉ. सीताराम शर्मा, नरपत सिंह राठौड, राधेश्याम शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक, आचार्य व ब्रह्मचारी उपस्थित थे।

जिला कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन आज

चूरू (निसं)। जिला मुख्यालय पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार व वोट चोरी के खिलाफ मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। जिला कांग्रेस प्रवक्ता जमील चौहान ने बताया कि चूरू जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल के नेतृत्व में मंगलवार दोपहर 01:30 बजे सर्किट हाउस से जिला कलेक्ट्रेट (आपणी योजना) तक विरोध मार्च निकाला जायेगा। तत्पश्चात मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका जायेगा। इस दौरान सांसद, विधायक व विधायक प्रत्याशी, चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठ व विभागों के जिलाध्यक्ष, चूरू शहर व देहात ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रिम संगठन के जिला अध्यक्ष, पार्षद, सरपंच व समस्त कांग्रेस के कार्यकर्ता भाग लेंगे।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 207/2026

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्री मुरारी लाल पुत्र श्री रामदेव जी निवासी वार्ड न. 26, लक्ष्मणगढ, तहसील लक्ष्मणगढ जिला सीकर राजस्थान ने सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत भारतीय विधा मन्दिर समिति लक्ष्मणगढ तहसील लक्ष्मणगढ जिला सीकर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 15.09.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 20.11.26

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

सांगलपुरा, जयपुर रोड, बीकानेर - 334001 दूरभाष : 0151-2226200

अल्पकालिक ई - निविदा सूचना

132 KV GSS सरदारशहर से RIICO फीडर से T-ऑफ लेकर ACSR डॉग कंडक्टर वाली 2.10 km लंबी S/C 33 KV लाइन; RIICO एक्सटेंशन सरदारशहर में 5.00 MVA का 33/11 KV सब-स्टेशन (S/S); इंटर-कनेक्शन लाइन के काम के लिए 0.500 km लंबी 11 KV सावल रोड लाइन और प्रस्तावित रामनगर बैक फीडर के लिए इंटर-कनेक्शन लाइन के काम हेतु 0.550 km लंबी 11 KV लाइन का निर्माण उपखण्ड एईएन (ओ एंड एम) सरदारशहर के अधीन श्रम दर-2025 के आधार पर जिला वृत्त चूरू के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।"

TN-BZ-07/2026-27 (UBN No JVV2627WSOB00474)

अन्य विवरण जैसे निविदा मुल्य, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने / खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं www.eproc.rajasthan.gov.in द्वारा जानी जा सकती हैं। निविदाकर्ताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है की ऑन लाइन www.eproc.rajasthan.gov.in पर निविदा डालने से पहले निविदा दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अध्यन्न कर ले। भविष्य में इन् निविदाओं से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन तिथि बढ़ने की जानकारी आदि केवल वेबसाइट www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध करायी जायेगी।

संभागीय मुख्य अभियंता
जोधपुर डिस्कॉम (बी- सं.) बीकानेर

राज.संवाद/सी/26/10811

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता (परियोजना) जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सरदारशहर

e-mail: eeproj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक - अअ / जनस्वा/निविदा/2026-27/1472 दिनांक :- 23.09.2026

ई-निविदा सूचना 28/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्लू.एफ. एण्ड ए.आर. पार्टचा अपेडिक्स 16 दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों (प्रकाशन दिनांक तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं संबंधित कार्यो में अनुभव रखने वाली फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्